# स्वच्छ सर्वेक्षण 2022

## को लेकर मानगो नगर निगम कर रही ज़ोर-शोर से तैयारी, चलाया गया सफाई अभियान

**सफाई कार्य में कोताही बरतने वाले संवेदकों के विरुद्ध होगी कार्रवाई**

### स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 को मानगो नगर निगम में चला सफाई अभियान

**जमशेदपुर :** मानगो नगर निगम के कई क्षेत्रों में साफ सफाई का कार्य कराया गया, आजाद बस्ती, डिमना रोड, ओल्ड पुरुलिया रोड,जवाहर नगर रोड, पोस्ट ऑफिस रोड आदि कई क्षेत्रों में साफ सफाई हुआ. कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 को लेकर विशेष साफ सफाई अभियान पूरे नगर निगम क्षेत्र में चलाए जा रहा है. कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया उनके द्वारा साफ सफाई कार्यों का निरीक्षण किया जाएगा. नगर प्रबंधक जितेंद्र कुमार एवं सफाई पर्यवेक्षक कुमार अंशुमन को प्रतिदिन साफ सफाई कार्यों की देखरेख के निर्देश दिए गए हैं.

### सफाई में कोताही बरतने पर होगी कार्रवाई : इओ

**जमशेदपुर.** स्वच्छता सर्वेक्षण-2022 को देखते हुए मानगो नगर निगम के सभी संवेदकों को कार्यपालक पदाधिकारी ने साफ-सफाई कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर प्रतिदिन कराने का निर्देश दिया है. वहीं, कार्य में कोताही बरतने वाले संवेदकों को उन्होंने कार्रवाई करने की चेतावनी दी है. नगर प्रबंधक जितेंद्र कुमार, सफाई पर्यवेक्षक कुमार अंशुमन को प्रतिदिन साफ-सफाई कार्यों का देखरेख करने का निर्देश दिया गया है. मंगलवार को आजाद बस्ती, डिमना रोड, ओल्ड पुरुलिया रोड, जवाहर नगर रोड, पोस्ट ऑफिस रोड सहित अन्य क्षेत्रों में साफ-सफाई अभियान चलाया गया.



### मानगो में प्लास्टिक के खिलाफ आज से अभियान

**जमशेदपुर.** मानगो नगर निगम प्लास्टिक का उपयोग रोकने व सामुदायिक शौचालय की सफाई को लेकर अभियान चलायेगा. कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय सफाई की अगुवाई में बुलायी गयी बैठक में संवेदकों से शौचालयों की सफाई का हर सप्ताह ब्योरा लेने व बुधवार से प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाने का निर्णय लिया गया. कार्यपालक पदाधिकारी ने नगर प्रबंधकों को टीम बनाकर दुकानों एवं प्रतिष्ठानों में जांच करने को कहा. बैठक में नगर प्रबंधक, जेई, एई उपस्थित थे.

झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

**नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार**

Toll free no.: 1800-120-2929 | Website : www.dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA